पुणना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| Summative Assessment-1 (2021-2022) | | | |
|---|---|---|---|
| Student's Name: | Roll No.: | Grade : | VII |
| Date : | Time: | Subject: | Hindi |
| T. Sign : | | Total Marks | 60 |

- **चारों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

**(खंड-क)**
**( अपठित-विभाग)**

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-5)**

भारतवर्ष पर प्रकृति की विशेष कृपा रही है। यहाँ सभी ऋतुएँ अपने समय पर आती हैं और पर्याप्त काल तक ठहरती हैं। ऋतुएँ अपने अनुकूल फल-फूलों का सृजन करती हैं। धूप और वर्षा के समान अधिकार के कारण यह भूमि शस्यश्यामला हो जाती है। यहाँ का नगाधिराज हिमालय कवियों को सदा से प्रेरणा देता आ रहा है और यहाँ की नदियाँ मोक्षदायिनी समझी जाती रही हैं। यहाँ कृत्रिम धूप और रोशनी की आवश्यकता नहीं पड़ती। भारतीय मनीषी जंगलं में रहना पसन्द करते थे। प्रकृति-प्रेम के ही कारण यहाँ के लोग पत्तों में खाना पसन्द करते हैं। वृक्षों में पानी देना एक धार्मिक कार्य समझते हैं। सूर्य और चन्द्र दर्शन नित्य और नैमित्तिक कार्यों में शुभ माना जाता है।पारिवारिकता पर हमारी संस्कृति में विशेष बल दिया गया है। भारतीय संस्कृति में शोक की अपेक्षा आनन्द को अधिक महत्व दिया गया है। इसलिए हमारे यहाँ शोकान्त नाटकों का निषेध है। अतिथि को भी देवता माना गया है-'अतिथि देवो भवः।

**प्रश्न**

(1) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(2) भारतवर्ष की भूमि शस्यश्यामला कैसे है?
(3) भारतीय प्रकृति-प्रेम किस प्रकार प्रकट करते हैं?
(4) भारतीय संस्कृति में किसको अधिक महत्व दिया गया है ?
(5)" भूमि " शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |

**प्रश्न -2 निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-5)**

छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना।
जीवन में हैं सुरंग सुधियाँ सुहावनी
छवियों की चित्र-गंध फैली मनभावनी
तन-सुगंध शेष रही, बीत गई यामिनी,
कुंतल के फूलों की याद बनी चाँदनी।
भूली-सी एक छुअन बनता हर जीवित

क्षण छाया मत छूना मन, होगा दुख दूना।
यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया;
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।
प्रभुता का शरण-बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।
जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन
छाया मत छूना मन,
होगा दुख दूना। दुविधा-हत साहस है,
दिखता है पंथ नहीं, देह सुखी हो पर
मन के दुख का अंत नहीं।
दुख है न चाँद खिला शरद-रात आने पर,
क्या हुआ जो खिला फूल रस-बसंत जाने पर?
जो न मिला भूल उसे कर तू भविष्य वरण,
छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना।

(1) कवि किसकी छाया को न छूने की बात करता है और क्यों?
(2) यथार्थ कैसा है?
(3) शरद-रात के चाँद के माध्यम से कवि क्या कहते हैं?
(4) " कठिन " शब्द के दो विलोम शब्द लिखिए |
(5) पदयांश का उचित शीर्षक लिखिए |

## (खंड-ख)
## (व्याकरण-विभाग)

**प्रश्न -3(क) उपसर्ग से नए शब्द बनाए | (अंक-2)**

1 ) भर 2) सम

**(ख) नीचे दिए गए समास के सही विकल्प लिखिए | (अंक-2)**

1) 'मतदाता' सामासिक शब्द का विग्रह होगा |
(a) मत को देने वाला (b) मत का दाता
(c) मत के लिए दाता (d) मत और दाता

2) जिस समास में दोनों पदों के माध्यम से एक विशेष (तीसरे) अर्थ का बोध होता है, उसे कहते हैं|
(a) अव्ययीभाव (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

3) चक्र है हाथ में जिसके अर्थात श्रीकृष्ण।
(a) बहुब्रीहि (b) कर्मधारय
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

4) जो पहला पद गिनती का होता है|
(a) दुविगु समास (b) द्वंद्व समास
(c) तत्पुरुष समास (d) कर्मधारय समास

**(ग) नीचे दिए गए क्रियाविशेषण के भेद लिखिए |** **(अंक-3)**

1) उमेश हमेशा सच बोलता है।
2) अब वहाँ अकेला मजदूर था।
3) मोहन अधिक खाना खाता है।

**(घ) प्रत्यय से नए शब्द बनाए |** **(अंक-2)**

1) अनीय 2) इत

**(च) नीचे दिए गए शब्दों की संधि-विच्छेद कीजिए |** **(अंक-4)**

1) सूर्योदय 2) दीपावली
3) पुस्तकालय 4) हिमालय

**(छ) निम्नलिखित सही विकल्प चुनकर लिखिए |** **(अंक-3)**

1) 'शायद वह पास हो जाए' वाक्य किस काल का उदाहरण है
(i) भूतकाल (ii) सामान्य भविष्यत् काल
(iii) वर्तमान काल (iv) संभाव्य भविष्यत्

2) क्रिया का वह रूप, जिससे उसके इसी समय में होने का पता चले, उसे कहते हैं|
(i) भूतकाल (ii) वर्तमान काल
(iii) भविष्यत् काल (iv) इनमें से कोई नहीं

3)'मोहन आने वाला है' वाक्य किस काल के उदाहरण हैं
(i) भूतकाल (ii) वर्तमान काल
(iii) भविष्यत् काल (iv) आसन्न भूतकाल

## (खंड-ग)
## (साहित्य-विभाग)

**प्रश्न -4 निम्नलिखित सही विकल्प चुनकर लिखिए |** **(अंक-3)**

1) बच्चे किसे अपनी संपत्ति मानते थे?
(a) स्वयं को (b) पेड़ को
(c) अपनी जगह को (d) किसी को नहीं

2) कठपुतलियों को किनसे परेशानी थी?
(a) गुस्से से (b) पाँवों से
(c) धागों से (d) उपर्युक्त सभी से

3) बंधन किसका है?
(a) स्वर्ण का (b) श्रृंखला का
(c) स्वर्ण श्रृंखला का (d) मनुष्य का

**प्रश्न -5 नीचे दिए गए अतिलघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(अंक-4)**

1) लेखक ने नदियों का कुछ और रूप कब देखा?
2) खंभे को कौन सी रातें अच्छी नहीं लगती?
3) दादी माँ कौन से जल से नहाकर आई थीं?
4) 'कठपुतली' कविता के रचयिता कौन हैं?

**प्रश्न -6 नीचे दिए गए लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (कोई दो ) (अंक-4)**

1) दादी माँ का व्यवहार कैसा था?
2) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?
3) रक्त में सफ़ेद कणों का क्या महत्व होता है?

**प्रश्न -7 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (कोई एक) (अंक-3)**

1) खून को 'भानुमती का पिटारा' क्यों कहा जाता है?
2) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?

**प्रश्न -8 नीचे दिए गए महाभारत से संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-4)**

1) भीष्म काशी क्यों गए?
2) राजा शांतनु क्यों चिंतित थे?
3) देवव्रत का नाम भीष्म क्यों पड़ा?
4) कर्ण ने दुर्योधन को क्या सलाह दी?

**(खंड-घ)**

**( लेखन-विभाग)**

**प्रश्न -9 कोई एक विषय पर निबंध लिखिए | (अंक-5)**

1) समय का सदुपयोग

**अथवा**

रक्षाबंधन

**प्रश्न -10 कोई एक विषय पर पत्र लेखन लिखिए | (अंक-4)**

1) छोटे भाई को परीक्षा में सफलता पाने पर बधाई पत्र लिखिए।

**अथवा**

छात्रवृत्ति के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

**प्रश्न -11 कोई एक विषय पर संवाद लेखन लिखिए | (अंक-4)**

1) बढ़ती महँगाई को लेकर दो नागरिकों की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

**अथवा**

अपने-अपने जीवन लक्ष्य के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

**प्रश्न-12 निम्नलिखित विषय पर सूचना लेखन लिखिए | (अंक-3)**

1) स्कूल में निबंध प्रतियोगिता के आयोजन हेतु सूचना।

---